दिन– शनिवार दिनांक– 30 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग ने आज बोधगया के विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर में पूजा–अर्चना की। उन्होंने पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे ध्यान भी लगाया। राष्ट्रपति ने बकरौर स्थित ऐतिहासिक सुजाता स्तूप में पूजा–अर्चना की। साथ ही उन्होंने बोधगया स्थित म्यांमार के विभिन्न बौद्ध मठों का भी दौरा किया। इससे पहले गया हवाई अड्डे पर राज्यपाल लेफ्टिनेट जनरल सेवानिवृत्त सय्यद अता हसनैन और कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग का गर्मजोशी से स्वागत किया। उनके साथ उच्चस्तरीय अधिकारियों और बौद्ध प्रतिनिधियों का एक शिष्टमंडल भी मौजूद है। राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग की यह यात्रा भारत और म्यांमार के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा बौद्ध विरासत से जुड़े संबंधों को और सुदृ ढ़ बनाने के साथ–साथ द्विपक्षीय सहयोग को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मन की बात कार्यक्रम की एक सौ चौंतीसवीं कड़ी होगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसे प्रसारित किया जाएगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा।

---

राज्य में आंधी–बारिश और वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में कम से कम तेरह लोगों की मौत हो गयी। हालांकि सरकार ने केवल सात लोगों की ही मौत की पुष्टि की है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि गया में तीन, नवादा, पूर्वी चम्पारण और

औरंगाबाद में दो–दो लोगों की मौत हुई है। वहीं, सारण, खगड़िया, रोहतास और भागलपुर में एक–एक व्यक्ति की मौत की खबर है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इन हादसों पर गहरा दुख जताते हुये मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया कि आंधी–बारिश के कारण सब्जी, लीची और आम की फसल को भारी नुकसान हुआ है। कई जगह पेड़ और बिजली के खम्भे उखड़ गये, जिससे आवागमन और बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई। गया और सीवान में ट्रेनों का परिचालन भी बाधित हुआ।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने आज भी राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश की सम्भावना जतायी है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीवान के सिसवन में सबसे अधिक एक सौ पैंतीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, गोपालगंज के भोरे में नब्बे दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

———————————————————————————

पटना जिला प्रशासन ने गंगा नदी में नावों के सुरक्षित परिचालन को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कहा गया कि बिना निबंधन वाली नावों का परिचालन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में निर्देश दिया गया कि सूर्यास्त के बाद तथा सूर्योदय से पहले गंगा नदी में नावों का परिचालन नहीं किया जाएगा। साथ ही सभी घाटों पर पुलिस पदाधिकारियों और दंडाधिकारियों द्वारा नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि खराब मौसम की सूचना मिलने पर गंगा नदी में नावों के परिचालन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाएगा।

———————————————————————————

अररिया जिले में श्रम नियोजन विभाग की ओर से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। वहीं, जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने छापेमारी कर एक सौ आठलीटर नेपाली शराब जब्त किया है।

———————————————————————————

शेखपुरा जिले के अरियरी प्रखंड स्थित रघुनाथपुर खराट गांव में हाई टेंशन तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी है।

———————————————————————————

रोहतास जिले में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आज सासाराम सदर अस्पताल परिसर से तंबाकू और नशा निषेध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।